कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 07.07.2025

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार किया, कब्जे से चोरी की गई 01 अदद मोबाइल फोन बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 312/25 धारा 305(A),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नर वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र मन्नू भारती निवासी कोटवा सरायमोहना थाना सारनाथ कमिश्नेरट वाराणसी को आज दिनांक- 07.07.2025 को समय करीब 12.35 सरायमोहना घाट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 06.07.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के घर से मोबाइल फोन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना मुकेश पाल द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राहुल कुमार पुत्र मन्नू भारती निवासी कोटवा सरायमोहना थाना सारनाथ कमिश्नेरट वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

सरायमोहना घाट से, दिनांक- 07.07.2025 को समय करीब 12.35 बजे।

बरामदगी का विवरण-

कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल फोन (कंपनी ONE PLUS)

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 312/25 धारा 305(A),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमिश्नर वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01. थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
02. उ0नि0 मुकेश पाल थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
03. का0 पप्पू साह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।